E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 सं0 : 01/भू0अ0नि0 (3) विविध (वि0सर्वे0अमीन)– 23/2022 2070 **पटना, दिनांक** : 13/03/2023

आदेश

निदेशालय ज्ञापांक– 10414 दिनांक 05.08.2020 द्वारा सुश्री जुही कुमारी, (Emp. ID- AEN00926), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को नियोजन के उपरांत इनके द्वारा समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र की जांच/सत्यापन के क्रम में संज्ञान में आया है कि निदेशालय स्तर पर प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 01/2019 के अन्तर्गत विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर मानदेय आधारित संविदा नियोजन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा निर्धारित है, जबकि सुश्री जुही का शैक्षणिक प्रमाण–पत्र प्रकाशित विज्ञापन से भिन्न है, अर्थात् **Diploma in Civil Engineering योग्यता के स्थान पर Diploma in Architectural Assistantship Engineering है,** जो कि नियोजन हेतु निर्धारित नियम एवं मापदण्ड के विपरित है।

उपरोक्त भिन्नता के बावजूद सुश्री जुही के कॉउन्सिलिंग के समय शैक्षणिक प्रमाण–पत्र सत्यापन/पुष्टि किये जाने के फलस्वरूप कॉउन्सिलिंग टीम में सम्मिलित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की भूमिका की गहन जांच प्रक्रियाधीन है।

संविदा नियोजित उपरोक्त कर्मी से प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से भिन्न योग्यता के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग इस कार्यालय के पत्रांक 2513 दिनांक 17.09.2022 द्वारा 03 दिनों के अन्दर की गई है।

निर्धारित तिथि एवं समय तक संबंधित कर्मी द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। समर्पित स्पष्टीकरण का अवलोकन किया गया। अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में कोई ऐसा तथ्य नहीं दिया गया है, जो इनके प्रमाण–पत्र को विज्ञापन के अनुरूप दर्शाता हो।

अतः प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम वांछित योग्यता से भिन्न शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र रहने के कारण संविदा नियोजन हेतु निर्धारित Term of Assignment के कंडिका–4 में निहित प्रावधान के आलोक में सुश्री जुही कुमारी, (Emp. ID- AEN00926), विशेष सर्वेक्षण अमीन का नियोजन तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 13/3/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) विविध (वि0सर्वे0अमीन)– 23/2022 2070 **पटना, दिनांक** : 13/03/2023

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप 13/03/2023

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) विविध (वि0सर्वे0अमीन)– 23/2022 2070 **पटना, दिनांक** :

प्रतिलिपि : सुश्री जुही कुमारी, (Emp. ID- AEN00926), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) विविध (वि0सर्वे0अमीन)– 23/2022 2070 **पटना, दिनांक** : 13/03/2023

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय आदेश संख्या– 1250 दिनांक 30.01.2023 के अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक 13/3/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप